Series 8EFDG

Set – 3

प्रश्न-पत्र कोड **3/8/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (अ)
HINDI (A)

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***15*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खंड हैं –* ***खंड – क, ख, ग, घ*** *।*

(iii) ***खंड – क*** *में कुल* ***2*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***10*** *है ।*

(iv) ***खंड – ख*** *में कुल* ***4*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***20*** *है ।*

(v) ***खंड – ग*** *में कुल* ***5*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***21*** *है ।*

(vi) ***खंड – घ*** *में कुल* ***4*** *प्रश्न हैं ।*

(vii) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(viii) यथासंभव ***सभी*** *खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खंड – क

(अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते, वैसा आनंद हमारे भीतर पहले से ही है । लेकिन आनंद पाने के लिए हम दूसरों के पीछे भागते रहते हैं । हमारे जीवन में हर दिन उल्लास और उमंग के साथ आता है । लेकिन अपने जीवन के अंदरूनी अध्याय में झाँक कर देखें तो यह हर दिन कोरे काग़ज़ की तरह हमारे सामने आता है । अपनी कलम से उस पर हम कुछ न कुछ लिखते हैं । क्या लिखते हैं, सिर्फ हमें मालूम है । कुछ लिखा तो था, लेकिन इतनी जल्दी में थे कि पढ़ भी न सके । समझने के पहले ही पन्ना पलट गया । क्यों हुआ ऐसा, जबकि जीवन की हर साँस उस स्याही से भरी है, जिससे जिंदगी को कोई नया मोड़ दे सकते हैं । कलम हमारे हाथ में, साँसों की स्याही और पन्ना हमारे सामने-फिर लिखने में क्या दिक्कत ? कोल्हू में जुता बैल एक लकीर पर चलता जाता है । उस वक्त उसके मन में विचार आता होगा कि कितना चल लिया, कहाँ से कहाँ पहुँच गया !

लेकिन, जब आँखों से पट्टी खोली जाती है, तो उसे पता चलता है कि जहाँ था, वहीं पर है । कहीं भी नहीं गया । चला तो कई मील, लेकिन पहुँचा कहीं नहीं । इस दुनिया की भी यही हालत है, इसने हर इंसान को एक बैल की तरह बना दिया है । हम कर्म तो करते हैं, पर यह नहीं मालूम कि क्यों कर रहे हैं ? इसका क्या फल होगा ? क्या हमको करना चाहिए था ? इन सवालों के बारे में कभी नहीं सोचते । बस कुछ न कुछ करते रहते हैं । इसलिए अपनी जिंदगी में आँखें खोल के काम कीजिए । आँखों पर पर्दा पड़ा रहा, तो जीवन हाथ से निकल जाएगा । जो पन्ने मिले हैं आपके नाम के, उस पर कुछ ऐसा लिखने की कोशिश कीजिए, जो सुंदर और अर्थपूर्ण हो ।

(i) "हर दिन कोरे काग़ज़ की तरह आता है ।" गद्यांश में कहा गया यह कथन दर्शाता है कि _____ **1**

(A) हर दिन कोरा काग़ज़ है ।

(B) हर दिन हमारे लिए नया अवसर होता है ।

(C) हर दिन काग़ज़ में हम कुछ न कुछ लिखते हैं ।

(D) हर दिन काग़ज़ नहीं होता ।

(ii) "कोल्हू का बैल" किस जीवन-दृष्टिकोण को प्रस्तुत करता है ? **1**

(A) मेहनती जीवन को (B) लक्ष्यहीन, अचेतन और दोहराव भरे जीवन को

(C) संघर्ष भरे जीवन को (D) बंधनमुक्त जीवन को

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : **1**

कथन : हम जीवन में आनंद का अनुभव नहीं कर पाते ।

कारण : आनंद हमारे बाहर नहीं, भीतर होता है, लेकिन हम उसे दूसरों में ढूँढ़ते हैं ।

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iv) गद्यांश के अनुसार 'कलम हमारे हाथ में है' का क्या आशय है ? **2**

(v) गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है ? **2**

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

नए युग में विचारों की नई गंगा बहाओ तुम,

कि सब कुछ जो बदल दे, ऐसे तूफाँ में नहाओ तुम ।

अगर तुम ठान लो तो आँधियों को मोड़ सकते हो

अगर तुम ठान लो तो तारे गगन के तोड़ सकते हो,

अगर तुम ठान लो तो विश्व के इतिहास में अपने –

सुयश का एक नव अध्याय भी तुम जोड़ सकते हो,

तुम्हारे बाहुबल पर विश्व को भारी भरोसा है –

उसी विश्वास को फिर आज जन–जन में जगाओ तुम ।

पसीना तुम अगर इस भूमि में अपना मिला दोगे,

करोड़ों दीन–हीनों को नया जीवन दिला दोगे ।

तुम्हारी देह के श्रम–सीकरों में शक्ति है इतनी –

कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के खिला दोगे ।

नया जीवन तुम्हारे हाथ का हल्का इशारा है ।

इशारा कर वही इस देश को फिर लहलहाओ तुम ।

(i) 'करोड़ों दीन-हीनों को नया जीवन दिलाने' से क्या अभिप्राय है ? 1

(A) लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना ।

(B) उपेक्षित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाना ।

(C) दीन-हीन व्यक्तियों की सेवा-शुश्रूषा करना ।

(D) असहाय व्यक्तियों के आश्रय स्थल की व्यवस्था करना ।

(ii) काव्यांश के संदर्भ में 'तारे गगन के तोड़ सकते हो' का क्या आशय है ? 1

(A) असंभव को संभव बनाना ।

(B) अंतरिक्ष के रहस्य सुलझाना ।

(C) खगोल विज्ञान को समझना ।

(D) आकाश की ऊँचाई को नापना ।

(iii) 'नया जीवन तुम्हारे हाथ का हल्का इशारा है' – पंक्ति का भाव है – 1

(A) युवाओं के छोटे से प्रयास से ही समाज में बड़ा परिवर्तन आ सकता है ।

(B) युवा अपनी मेहनत से असंभव को संभव बना सकते हैं ।

(C) युवा शक्ति को समाज समझने में असफल रहा है ।

(D) युवाओं को समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए ।

(iv) 'अगर तुम ठान लो तो आँधियों को मोड़ सकते हो' – इस पंक्ति के माध्यम से कवि ने युवाओं की किस शक्ति की ओर संकेत किया है ? 2

(v) काव्यांश के आधार पर युवाओं के प्रति कवि के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए । 2

खंड – ख

(व्यावहारिक व्याकरण)

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) जो शब्द सबसे कम समझ आते हैं वो है सभ्यता और संस्कृति ।

(सरल वाक्य में बदलकर लिखिए ।)

(ii) संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज़ की खोज करता है किंतु उसकी संतान को वह पूर्वजों से प्राप्त हो जाती है ।

(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ।)

(iii) आषाढ़ की रिमझिम में समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है ।

(संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए ।)

(iv) एक क्षण ऐसा आता कि बीच में खँजड़ी लिए बालगोबिन भगत नाच रहे हैं ।

(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए ।)

(v) दरवाज़े की घंटी बजी और अतिथि आ गए ।

(मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए ।)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) लोगों ने गीत नहीं सुना । (कर्मवाच्य में बदलकर लिखिए ।)

(ii) बालगोबिन भगत द्वारा हर वर्ष गंगा स्नान किया जाता । (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए ।)

(iii) घर में पतोहू सो रही है । (भाववाच्य में बदलकर लिखिए ।)

(iv) खाँ साहब अफ़सोस जताते हैं । (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए ।)

(v) नवाब साहब द्वारा बहुत करीने से खीरों पर नमक-मिर्च मला गया ।

(कर्तृवाच्य में बदलकर लिखिए ।)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का 'पद-परिचय' लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) खीरे की एक फ़ाँक को उठाकर सूँघा ।

(ii) ताजमहल आगरा में है ।

(iii) बिना किसी संकोच के, मैं धुआँधार बोल रही थी ।

(iv) माँ ने दोपहर में सब कुछ बताया तब मैंने राहत की साँस ली ।

(v) अजमेर के प्रतिष्ठित डॉ. अंबालाल जी बैठे थे ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) सहसबाहु समसो रिपु मोरा ।

(ii) बीती विभावरी जागरी, अम्बर-पनघट में डुबा रही,

तारघट उषा-नागरी ।

(iii) धनुष उठाया ज्यों ही उसने और चढ़ाया उस पर बाण ।

धरा-सिन्धु नभ काँपे सहसा, विकल हुए जीवों के प्राण ।।

(iv) है वसुंधरा बिखेर देती मोती सबके सोने पर

रवि बटोर लेता है उसको सदा सबेरा होने पर ।

(v) जो नत हुआ, वह मृत हुआ ज्यों 'वृत से झरकर' कुसुम

खंड – ग

(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की ।

सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की ?

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?

क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?

सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म-कथा ?

अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा ।

(i) 'स्मृति को पाथेय' बनाने का क्या अभिप्राय है ?

(A) निराशा में आशा ढूँढ़ना (B) हताशा और निराशा

(C) सुखद स्मृतियों के सहारे जीना (D) स्मृति को भुला देना

(ii) काव्यांश में 'सीवन को उधेड़ कर देखने' का क्या आशय है ?

(A) विस्मृत पीड़ा को कुरेदना

(B) अपने बारे में सबको बताना

(C) अपने अच्छे दिनों को याद करना

(D) जो याद था उसे भूल जाना

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : कवि अपने जीवन की कथाएँ नहीं सुनाना चाहता है ।

कारण : वह औरों की सुनकर मौन रहना अच्छा मानता है ।

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

(iv) "क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?" पंक्ति के अनुसार कवि मौन क्यों रहना चाहता है ?

(I) जीवन में महान उपलब्धि का न होना ।

(II) जीवन-व्यथा का थककर सोया होना ।

(III) उचित अवसर का न होना ।

(IV) दूसरों के दबाव के कारण मौन होना ।

विकल्प :

(A) (I) और (II) सही हैं । (B) (III) और (IV) सही हैं ।

(C) (II), (III) और (IV) सही हैं । (D) (I), (II) और (III) सही हैं ।

(v) 'थके पथिक की पंथा की' – पंक्ति में 'थका पथिक' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

(A) पाठक के लिए (B) कवि के लिए

(C) मित्र के लिए (D) राहगीर के लिए

8. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है । काशी में मरण भी मंगल माना गया है । काशी आनंदकानन है । सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज़ सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा ।

भारतरत्न से लेकर इस देश के ढेरों विश्वविद्यालयों की मानद उपाधियों से अलंकृत व संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं पद्मविभूषण जैसे सम्मानों से नहीं, बल्कि अपनी अजेय संगीतयात्रा के लिए बिस्मिल्ला खाँ साहब भविष्य में हमेशा संगीत के नायक बने रहेंगे । नब्बे वर्ष की भरी-पूरी आयु में 21 अगस्त, 2006 को संगीत रसिकों की हार्दिक सभा से विदा हुए खाँ साहब की सबसे बड़ी देन हमें यही है कि पूरे अस्सी बरस उन्होंने संगीत को संपूर्णता व एकाधिकार से सीखने की जिजीविषा को अपने भीतर जिंदा रखा ।

(i) 'काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज़ सिखाने वाला हीरा है ।' वाक्य में प्रयुक्त 'सुर की तमीज़' से आशय है **1**

(A) सुर की समझ (B) सुर की प्रेरणा

(C) सुर से लगाव (D) सुर का रियाज़

(ii) "बिस्मिल्ला खाँ" ने किस भावना को प्रोत्साहित किया ? **1**

(A) परिश्रम और लगन (B) धार्मिक आस्था

(C) कौमी एकता और भाईचारा (D) उत्साह एवं उमंग

(iii) गद्यांश में काशी को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है ? **1**

(A) शिक्षा का केंद्र (B) आनंदकानन

(C) तपस्वियों की नगरी (D) संस्कृत नगरी

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : 1

कथन : 'बिस्मिल्ला खाँ' हमेशा संगीत के नायक बने रहेंगे ।

कारण : उनकी संगीत यात्रा अजेय थी ।

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

(v) गद्यांश में काशी के लिए कौन से कथन सही हैं ? 1

(I) काशी में संगीत का बड़ा महात्म्य है ।

(II) काशी में मृत्यु को भी मंगल माना गया है ।

(III) काशी में रहने वाले शहनाई बजाते हैं ।

(IV) काशी संगीत के स्वरों पर जागती और सोती है ।

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II), (IV) सही हैं ।

(C) कथन (I), (II), (III) सही हैं ।

(D) कथन (II), (III), (IV) सही हैं ।

9. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'संगतकार' कविता के आधार पर संगतकार के योगदान को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर लिखिए कि शिशु कवि को क्यों नहीं पहचान सका ?

(iii) 'उत्साह' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि बादलों को 'नवजीवन' प्रदान करने वाले के रूप में क्यों मानते हैं ?

(iv) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' कविता के आधार पर श्री राम के चरित्र की दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए ।

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) बालगोबिन भगत की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उनसे मिलने वाली किसी एक प्रेरणा को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) पाठ में 'नेताजी का चश्मा' किस प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है ? इससे मिलने वाले संदेश को लिखिए ।

(iii) 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर उस घटना का वर्णन कीजिए जिसके बारे में सुनकर मन्नू भंडारी को न अपनी आँखों पर विश्वास हुआ न कानों पर ।

(iv) 'मैं क्या लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक के अनुसार 'सभ्यता और संस्कृति' की सही समझ अब तक क्यों नहीं बन पाई ?

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(i) 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ की अपने माता-पिता के प्रति प्रेम की अभिव्यक्ति किस प्रकार की गई है ? स्पष्ट करते हुए लिखिए कि आप अपने माता-पिता के प्रति प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?

(ii) लेखिका गंतोक की सुंदरता पर क्यों सम्मोहित थी ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

(iii) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ में लेखक ने 'मैं क्यों लिखता हूँ' प्रश्न का क्या उत्तर दिया है ? उन्हें यह प्रश्न कठिन क्यों लगा ?

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन)

12. (i) ए.टी.एम. केन्द्रों पर सावधानी बरतने संबंधी निर्देश देते हुए अ.ब.स. बैंक की ओर से लगभग **40** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । **1 × 4 = 4**

अथवा

(ii) 'शिक्षक दिवस' पर अपनी प्रिय शिक्षिका को बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए ।

13. (i) आप प्रतीक/पुनीता हैं । आपके घर के पास एक प्रतिष्ठित विद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है । आप उस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं । इसके लिए लगभग **80** शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप पुनीत/प्रेरणा हैं । प्रत्येक सप्ताह के अंत में विद्यालय में योग शिक्षा की कक्षाएँ आयोजित करवाने का अनुरोध करते हुए छात्रसंघ के अध्यक्ष की ओर से लगभग **80** शब्दों में प्रधानाचार्य को ई-मेल लिखिए ।

14. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(i) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के बढ़ते कदम –

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता से अभिप्राय
- लाभ–हानि
- प्रयोग में सावधानी

(ii) प्रकृति और मानव का अनूठा संबंध

- प्रकृति और मनुष्य का पुरातन संबंध
- प्रकृति के संसर्ग का महत्त्व, वर्तमान रूप
- मनुष्य प्रकृति से कोसों दूर

(iii) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

- लोकोक्ति का अर्थ
- मन को समझना
- मन ही आशा और निराशा का जनक

15. (i) आप गरिमा/गौरव हैं । आपके विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थी हैं । उनके लिए विद्यालय परिसर में और कक्षा में उपयुक्त प्रावधान करवाने का अनुरोध करते हुए प्राचार्य/प्राचार्या को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप नंदनी/नमन हैं । विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण से लौटकर आने पर उसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए माताजी को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए ।

अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026 (सेकेंड बोर्ड परीक्षा)
कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002
प्रश्न पत्र कोड 3/8 /3

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न (x) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✓) या (x) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंकन योजना मई, 2026
प्रश्न पत्र कोड: 3/8/3

विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

प्रश्न संख्या	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक
	खंड 'क' (अपठित बोध)	**14**
1.	अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(B) हर दिन हमारे लिए नया अवसर होता है।	1
(ii)	(B) लक्ष्यहीन, अचेतन और दोहराव भरे जीवन को	1
(iii)	(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
(iv)	परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • मनुष्य स्वयं अपने भाग्य का विधाता • विवेकपूर्ण कर्म द्वारा अपने जीवन को सही दिशा देने की क्षमता * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त आशय लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में उपयुक्त आशय लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **मुख्य संदेश :** • सार्थक और सुंदर जीवन जीने का प्रयास करना • जीवन को जागरूकता और समझ के साथ जीना • जीवन में आनंद/खुशी की तलाश स्वयं अपने भीतर करना • विवेकपूर्ण कर्मों द्वारा अपने जीवन को सही दिशा देना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)	2

	---------- * प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
2.	अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(B) उपेक्षित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाना।	1
(ii)	(A) असंभव को संभव बनाना।	1
(iii)	(A) युवाओं के छोटे से प्रयास से ही समाज में बड़ा परिवर्तन आ सकता है।	1
(iv)	परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • दृढ़ संकल्प-शक्ति • निर्णायक क्षमता • शारीरिक सामर्थ्य (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) ---------- * संक्षेप में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) ---------- * काव्य-पंक्ति के अर्थ से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • आशावादी • विश्वासपूर्ण • प्रेरणादायी • ऊर्जावान • सकारात्मक (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)	2

	---------- * एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) ---------- * प्रश्न के संदर्भ में काव्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
	खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)	**16**
3.	'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	सबसे कम समझ में आने वाले शब्द सभ्यता और संस्कृति हैं।	1
(ii)	संयुक्त वाक्य	1
(iii)	आषाढ़ की रिमझिम है और/इसलिए समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है।/ आषाढ़ की रिमझिम हो रही है और समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है।	1
(iv)	संज्ञा आश्रित उपवाक्य	1
(v)	जैसे ही दरवाज़े की घंटी बजी, वैसे ही अतिथि आ गए।/ जब दरवाज़े की घंटी बजी, अतिथि आ गए।	1
4.	'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	लोगों द्वारा/ के द्वारा गीत नहीं सुना गया।	1
(ii)	कर्मवाच्य	1
(iii)	घर में पतोहू से सोया जा रहा है।	1
(iv)	कर्तृवाच्य	1
(v)	नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरों पर नमक-मिर्च मला।	1
5.	'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित :	4

(i)	**सूँघा**- क्रिया, सकर्मक, भूतकाल, पुल्लिंग, एकवचन	½+½=1
(ii)	**आगरा में**- संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरणकारक	½+½=1
(iii)	**धुआँधार**- अव्यय, क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'बोलना' क्रिया की विशेषता	½+½=1
(iv)	**मैंने**- सर्वनाम, उत्तम पुरुषवाचक, पुल्लिंग/ स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक	½+½=1
(v)	**प्रतिष्ठित**- विशेषण, गुणवाचक, विशेष्य – 'डॉ. अंबालाल', पुल्लिंग, एकवचन	½+½=1
6.	'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	उपमा अलंकार	1
(ii)	रूपक अलंकार	1
(iii)	अतिशयोक्ति अलंकार	1
(iv)	मानवीकरण अलंकार	1
(v)	उत्प्रेक्षा अलंकार	1
	खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक और पूरक पाठ्यपुस्तक)	**30**
7.	पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	5
(i)	(C) सुखद स्मृतियों के सहारे जीना	1
(ii)	(A) विस्मृत पीड़ा को कुरेदना	1
(iii)	(D) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या नहीं है।	1
(iv)	(D) (I), (II) और (III) सही हैं।	1
(v)	(A) कवि के लिए	1
8.	पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	5

(i)	(A) सुर की समझ	1
(ii)	(C) कौमी एकता और भाईचारा	1
(iii)	(A) आनंदकानन	1
(iv)	(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है।	1
(v)	(B) कथन (I), (II), (IV) सही हैं।	1
9.	निर्धारित कविताओं के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	6
(i)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • मुख्य गायक के स्वर में अपना स्वर मिलाकर उसे सशक्त बनाना • तारसप्तक में मुख्य गायक के थके हुए स्वर को सँभालकर उसका उत्साह बनाए रखना • मुख्य गायक को अकेला न पड़ने देना • मुख्य गायक के जटिल तानों या अनहद में खो जाने पर स्थायी को सँभाले रखना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * संगतकार के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(ii)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • शिशु का पिता से अपरिचित/अनजान होना • कवि का चिर प्रवासी होना • शिशु और कवि की भेंट पहली बार होना * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)	2

	---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • बादलों द्वारा पीड़ित-प्यासे लोगों में जीवन-संचार करना • सूखी धरती को तृप्त करना • नए अंकुर को नवजीवन प्रदान करना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) ---------- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) ---------- * कविता के आधार पर बादलों के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iv)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • मृदुभाषी- आदरपूर्वक मीठे वचनों से परशुराम को शांत करने का प्रयास करना • विनम्र- स्वयं को परशुराम का सेवक/दास बताना • शक्तिशाली- शिव-धनुष को भंग करना • मर्यादित व्यवहार- परशुराम के क्रोध का नम्रतापूर्वक उत्तर देना • साहसी- क्रुद्ध परशुराम के सामने धनुष-भंग करने की बात स्वीकार करना • धैर्यवान-परशुराम के अत्यधिक क्रोध करने पर भी धीरज बनाए रखना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) ---------- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) ---------- * कविता के आधार पर श्री राम के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---------- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
10.	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	6

(i)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के पहले हिस्से के लिए **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **विशेषताएँ** : • कबीर की शिक्षाओं का पालन करना • कथनी-करनी में अंतर न करना • अपने सिद्धांतों पर पूर्ण विश्वास रखना • शोक की घड़ी में भी अडिग आस्था • गृहस्थ होते हुए भी संन्यासी • रूढ़ियों का विरोध • खरा व्यवहार और स्पष्टवादिता • सादगीपूर्ण जीवन • सुख-दुख में समान भाव • धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति • धैर्य, संतोष और आत्मसंयम (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त तर्कपूर्ण **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- मुझे बालगोबिन भगत के स्वभाव में कथनी-करनी में अंतर न करना पसंद है। ऐसे लोग कम होते हैं जो अपनी मान्यताओं और विश्वास पर चरम शोक में भी अडिग हों। मुझे इस उदाहरण से जीवन में सच्चे होने की प्रेरणा मिलती है। * दो विशेषताओं का उल्लेख करते हुए प्रश्न के दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +½ +1=2 अंक) --- * किसी एक विशेषता का उल्लेख करते हुए प्रश्न के दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +1=1.5 अंक) --- * सिर्फ दो विशेषताओं का उल्लेख करने **अथवा** दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * सिर्फ एक विशेषता का उल्लेख करने पर और दूसरे हिस्से का उत्तर न लिखने पर अथवा प्रश्न के संदर्भ में बालगोबिन भगत के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के पहले हिस्से के उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **<u>प्रतीक</u>** : • सच्ची देशभक्ति • देशभक्तों का सम्मान • जागरूक नागरिकता	2

	• कर्तव्यनिष्ठा (कोई एक बिंदु अपेक्षित) परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- **<u>संदेश</u> :** • देशभक्तों के आदर्शों का सम्मान करना • राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना बनाए रखना (कोई एक बिंदु अपेक्षित) * प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त घटना का वर्णन करेंगे- कॉलेज से प्रिंसिपल का शिकायती पत्र आना, अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी मिलना, पिता जी का आग-बबूला होना, लेखिका का भयभीत होना, परंतु प्रिंसिपल से मिलकर कॉलेज से लौटने पर पिता जी के खुश होने की सूचना माँ द्वारा मिलना। * सही क्रमानुसार पूरी घटना लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में घटना लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iv)	परीक्षार्थी **संस्कृति** पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • 'सभ्यता' और 'संस्कृति' शब्दों के सही अर्थ की समझ नहीं होने के कारण मनमाना प्रयोग • इन शब्दों के साथ विशेषणों; जैसे– 'भौतिक' और 'आध्यात्मिक' का प्रयोग करने के कारण भ्रम की स्थिति उत्पन्न होना * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
11.	पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	8

(i)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के पहले हिस्से के लिए **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **भोलानाथ के द्वारा प्रेम की अभिव्यक्ति :** • पिता से अधिक जुड़ाव- साथ सोना, साथ ही जागना, पूजा-पाठ, हर काम में उनके साथ रहना; जैसे- मछलियों को आटे की गोलियाँ खिलाना आदि • लाड़-प्यार जताना- कुश्ती लड़ना, चूमना, मूँछों से खेलना • संकट के समय माँ के आँचल में छिपकर रोना और उनके गले लग जाना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए **दो** बिंदुओं में उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- • माता-पिता के साथ समय बिताना और उनका ख्याल रखना • उनकी बात मानना * प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए दो-दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1+1+1=4 अंक) --- * प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए दो बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु में उत्तर लिखने पर (3 अंक) --- * केवल पहले हिस्से **अथवा** दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर अथवा प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए मात्र एक-एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर **अथवा** पाठ से भोलानाथ और माता-पिता के प्रेम के कुछ दृश्यों को लिखने पर (2 अंक) --- * पाठ से भोलानाथ और माता-पिता के प्रेम का एक उदाहरण **अथवा** पर अपने अनुभव का कोई एक उदाहरण लिखने (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	4
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **चार** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- • रात में तराई पर रोशनी की एक जादुई झालर • रहस्यमयी सितारों भरी रात • पहाड़ी शहर का सम्मोहक सन्नाटा • कमरे की खिड़की से दिखती कंचनजंघा चोटी • मेहनतकश लोगों का सुंदर शहर • सुबह, शाम और रात का बदलता अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य • हल्के-हल्के बादलों से ढका आसमान • तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूल (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)	4

	* चार उपयुक्त बिंदुओं में गंतोंक के सौंदर्य का वर्णन करने पर (1+1+1+1=4 अंक) --- * तीन उपयुक्त बिंदुओं का वर्णन करने पर (3 अंक) --- * दो उपयुक्त बिंदुओं का वर्णन करने **अथवा** पाठ से गंतोक संबंधी दृश्यों को लिखने पर (2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने **अथवा** पाठ से गंतोक संबंधी थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **लेखक का उत्तर :** • स्वयं को जानने के लिए • आंतरिक विवशता से मुक्त होने के लिए **कठिनाई का कारण :** • आंतरिक विवशता को समझाना कठिन • अनुभव और अनुभूति के सूक्ष्म अंतर को बताना मुश्किल * दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2+2 = 4 अंक) --- * किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) --- * पाठ के आधार पर लेखन-प्रक्रिया के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- *असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	4
	खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)	**20**
12.	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन **अथवा** संदेश लेखन अपेक्षित : **विज्ञापन-लेखन :** • रचनात्मकता = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक	4

	• समग्र प्रभाव = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा प्रयोग/प्रस्तुति; दोनों स्तरों पर रचनात्मकता के प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • विज्ञापन में आकर्षक भाषिक प्रयोग के उद्देश्य से किए गए अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग स्वीकार्य है। • विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। **संदेश-लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (संबोधन, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।	
13. (i)	किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त **अथवा** ई-मेल अपेक्षित : **स्ववृत्त-लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक	5

अथवा (ii)	**विशेष निर्देश :** • व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। **ई-मेल लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।	
14. (i)	किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन अपेक्षित : **अनुच्छेद-लेखन** • भूमिका = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • निष्कर्ष = 1 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	6

	• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।	
15. (i) **अथवा** (ii)	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित : **पत्र-लेखन :** • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (पता, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने, सेवा में आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।	5